# शब्दावली

# शब्दावली

| | |
|---|---|
| **अपरेजल वेल** | एक नये फील्ड के क्षेत्र को निर्धारित करने के लिए एक खोजे गये कुॅंऐ के पास एक कुऍं को भेदना। |
| **अनुमोदित कार्य योजना एवं अनुमोदित बजट** | एक कार्य योजना जिसे अनुबंध की शर्तों के अनुसार प्रबंधन समिति के द्वारा अनुमोदित किया गया है। |
| **बैरल** | एक मात्रा या यूनिट, जो एक वातावरण दाब में साठ फॅारेनाहाईट के तापमान पर 158.9074 लिटर (42 यूनाईटेड स्टेट गैलन) तरल माप बराबर |
| **कंडेनसेट** | एक हाईड्रोकार्बन मिश्रण में प्राथमिक तौर पर 5,6 और 7 कार्बन एटमों के मौलिक्यूलस के साथ जोड़ा जाता है। यह धरातल अवस्था में तरल होता है, परन्तु अवधरातल जलाशय अवस्था में प्राकृतिक गैस के साथ मिश्रित गैस है। संघनन घनत्व में बहुत हल्का है और रंग में हल्के पीलेपन के साथ पारदर्शी होता है। यह कम्पोजीशन में लगभग शुद्ध गैसोलीन है। |
| **कच्चा तेल (क्रुड ऑयल)** | ''कच्चा तेल'', 'तेल', या 'कच्चा' का तात्पर्य अपने प्राकृतिक अवस्था में या संघनन या निष्कर्षण के द्वारा प्राकृतिक गैस से प्राप्त आसुत एवं संघनित सहित ठोस और द्रव दोनों रूप में मौजूद सभी प्रकार के हाइड्रोकार्बन से है जिसको ज्यादा भारी हाइड्रोकार्बन के साथ मिश्रित किया गया हो और सुपुर्दगी बिन्दु पर एक मिश्रण के रूप में सुपुर्द किया गया हो इसमें सत्यापित प्राकृतिक गैस शामिल नहीं है। |
| **डेवलपमेंट प्लान** | एक वाणिज्यिक खेज के विकास के लिए ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत की गई योजना जिसे प्रबंधन समिति या सरकार ने अनुमोदित किया हो। |
| **डेवलपमेंट वेल** | उत्पादन कुओं, इजेक्शन कुओं एवं शुष्क कुओं सहित पेट्रोलियम उत्पादन, उत्पादन में वृद्धि, उत्पादन को बनाए रखने एवं पेट्रोलियम के त्वरित निष्कर्षण के उद्देश्यों के लिए विकास प्रचालन या उत्पादन प्रचालन के अनुसार विकास योजना के अनुमोदन के बाद एक कुआं खोदा गया, गहरा किया गया और उसे पूरा किया गया। |
| **डिस्कवरी** | पेट्रोलियम प्रचालनों के दौरान इस बात की खोज कि पेट्रोलियम का एक जमाव जिसके पहले मैाजूद होने की जानकारी नहीं थी , जो कि पारंपरिक पेट्रोलियम उधोग परीक्षण तरीको से औसत दर्जे के एक प्रवाह में सतह पर प्राप्त किया जा सकता है। |
| **डिस्कवरी फील्ड** | अनुबंध क्षेत्र का वह भाग जिसके बारे में ठेकेदार खोज एवं ऐसे भाग में कुओं या खोदे गऐ कुओं से प्राप्त परिणामों के आधार पर यह मत रखता हो कि यह पेट्रोलियम है एवं इसके वाणिज्यिक मात्रा में उत्पादित किये जाने की संभावना है। |
| **डिस्कवरी वेल** | एक खोजा हुआ कुँआ, जो एक नये और पहले वाले अनटैपड हाइड्रोकार्बन डिपोजिट के साथ काऊंटर करे, |
| **ड्राइ डॉकिंग** | ड्राइ डॉकिंग शब्द का प्रयोग मरम्मत के लिये किया जाता है या जब कोई जहाज सेवा यार्ड में ले जाया जाता है ताकि पतवार के जलमग्न हिस्से की सफाई या निरीक्षण की जा सके। |

| | |
|---|---|
| **एक्सप्लोरेशन** | एक खण्ड जिसमें एक संभावित हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की खोज की जा रही हो चाहे भौगोलिक या भू–भौतिकी सर्वेक्षणों या भेदन की खोज के द्वारा सफल खोज मूल्यांकन और विकास से होती है। |
| **एक्सप्लोरेशन आपेरशन** | अनुबंध के अन्तर्गत पैट्रोलियम की खोज करते हुये और एक मूल्यांकन कार्यक्रम के दौरान अनुबधं क्षेत्र में किये गये प्रचालन शामिल होंगे, परन्तु एरियल, भौगोलिक, भू–भौतिकी, भू–रासायनिक, पैलिओनटोलीजिकल, पैलीनोलीजिकल, टोपोग्राफिकल और भूकम्प संबंधी सर्वेक्षणों, विश्लेषण, अध्ययनों और उनकी इनटरप्रटैश्न तक सीमित नहीं उपधरातल भूविज्ञान से संबंधित खोजें, जिसमें ढॉचागत नमूना भेदन, स्ट्रेटीग्राफिक टैस्ट भेदन, खोज कुॅओं का भेदन और की जगह मूल्यांकन कुॅए और अन्य संबंधित क्रियायें जैसे कि सर्वेक्षण, भेदन करने की जगह पर तैयारी और उससे जुड़े हुए सभी आवश्यक कार्य, जोकि पैट्रोलियम की खोज करने से जुड़े हों। |
| **एक्सप्लोरेशन वेल** | एक कुँआ जिसका भेदन न खोजे गये पैट्रोलियम जमाव की खोज के उद्देश्य से किसी भी भौगोलिक अस्तित्व पर, जिसका कार्य प्रोग्राम में कम से कम गहराई या स्ट्रेटीग्राफिक स्तर का उल्लेख हो (चाहे यह ढॉचागत स्ट्रेटीग्राफिक, फेसिस या दबाब प्राकृतिक का हो)। |
| **क्षेत्र (फील्ड)** | एक तेल क्षेत्र या एक गैस क्षेत्र या दोनों का सम्मिश्रण , जैसा भी मामला हों। |
| **एफ पी एस ओ वैसल** | एक जहाज जोकि एक समुद्र तट से दूर तेल क्षेत्र के पास या ऊपर स्थित हो। उपसमुद्री कम्पलीशन कुओं से पैदा किये गये द्रव्य वैसल तक फ्लोलाइनों द्वारा लाये जाते हैं, जहॉं उन्हें अलग किया जाता है और उनका निरूपण किया जाता है। |
| **गैस क्षेत्र (गैस फील्ड)** | अनुबंध क्षेत्र के भीतर एक प्राकृतिक गैस भंडार या लक्षणों की एक आम भुवैज्ञानिक सरचना के भीतर प्राकृतिक गैस भंडारों का एक समूह। |
| **हाईड्रोकार्बन** | हाईड्रोजन और कार्बन एटमों का जैविक रसायनिक मिश्रण ये मिश्रण बड़ी संख्या में होते है और ये सभी पैट्रोलियम उत्पादों का आधार बनाते हैं। ये गैसों, तरलों या ठोस रूप में हो सकते है। इनमें से प्रत्येक का उदाहरण मीथेल, हैक्ज़ेन और एसफॉल्ट है। |
| **इनफिल भेदन** | एक विकसित क्षेत्र में तेज दर से पैट्रोलियम पैदा करने के लिये , पैदा करने वाले कुँओं के बीच भेदन। |
| **ज्वाइंट वेन्चर** | एक व्यापार या उपक्रम जिसमें दो या ज्यादा भागीदार शामिल हों। संयुक्त उपक्रम पट्टे पर देना एक सामान्य चलन है। प्रायः उपक्रम में ज्यादा हिस्से वाला भागीदार संचालक होता है। |
| **प्राकृतिक गैस** | प्राकृतिक गैस से तात्पर्य भीगी गैस, शुष्क गैस, अन्य सभी गैसीय हाईड्रोकार्बन एवं उसमे निहित अन्य पदार्थ है, जिसमें सल्फर कार्बन डाइ–ऑक्साइड और नाइट्रोजन शामिल है पर हीलियम में निष्कर्शन को हटाकर जो कि तेल या गैस कुओं से उत्पादित किये जाते है, उन संधनित या निष्कर्शित द्रव हाईड्रोकार्बन को छोड़कर जो सामान्य ताप एवं दाब स्थितियों में द्रव और गैस के द्रव हाईड्रोकार्बन के संघनन या निष्कर्षण के बाद बचे अवशिष्ट गैसों को शामिल करके। |

| | |
|---|---|
| **ऑपरेटर** | कंपनी जोकि (ए) एक पैदा करने वाली लीज़ के रख रखाव और (बी) कार्य क्षेत्र में प्रचालनों के प्रभार के लिये उत्तरदायी हो। |
| **पार्टिसिपेटिंग इंटरेस्ट** | सहभागिता हित का तात्पर्य है प्रत्येक पक्ष के संबंध में ठेकेदार से संबद्ध करते हुए इस अनुबंध के तहत अधिकारों एवं दायित्वों में ऐसे पक्षों की भागीदारी के प्रतिशत के रूप में निहित अविभाजित हिस्सा। |
| **प्रोडक्शन शेयरिंग कॉक्ट्रेक्ट** | सरकार और अंतर्राष्ट्रीय/राष्टीय अन्वेषण एवं उत्पादन (ई एण्ड पी) कंपनी के बीच अनुबंध। ई एण्ड पी कंपनी खोज भेदन और उत्पादन की लागत वहन करती है। ई एण्ड पी कंपनी को खर्चो की प्रतिपूर्ति तेल/गैस की बिक्री के द्वारा की जाती है। गैस प्राप्ति को एक समझौता किए गए फार्मूले से बांट लिया जाता है। |
| **प्रोफिट ऑयल** | बहुराष्ट्रीय कम्पनी को व्यय के भुगतान के बाद एक सहमत फार्मूले द्वारा मेजबान कंपनी और बहुर्राष्ट्रीय कंपनी के बीच पैदा किए तेल को बांटना। |
| **प्रॉस्पेक्ट** | एक जगह जहॉं भौगोलिक और आर्थिक दोनों अवस्थायें एक कुएं के भेदन के अनुकूल हो। |
| **रिकवरी फैक्टर** | स्थान से तेल और/या गैस का प्रतिशत जो कि एक जलाशय से उत्पन्न होगा। |
| **रिज़र्व** | गैस और/या तेल की गणित मात्रा जिसकी एक कुँएं/कुँओं या एक क्षेत्र से पैदा होने की आशा है। परीक्षित रिज़र्वो की गणना उचित संभावना के साथ की जाती है। वर्तमान कुँओं से विकसित रिज़र्व उत्पन्न किये जा सकते है ; जबकि अविकसित रिज़र्व नहीं उत्पन्न किये जा सकते। उपरीक्षित रिज़र्व परीक्षित रिज़र्वो की अपेक्षा तकनीकी और आर्थिक कारणों के कारक निश्चित नहीं होते। यहां तक कि संभाव्य और संभावित रिज़र्व कम निश्चित होते हैं। |
| **रिजर्वायर** | पेट्रोलियम की एक स्वभाविक रूप से असतत संचय |
| **रॉयल्टी** | प्रायः एक विशिष्ट उत्पन्न लिये कच्चे तेल या गैस की प्रति यूनिट स्थिर प्रतिशत, जिसे कि मेजबान सरकार को देता है। यह लाभ या हानि से मुक्त एक स्थिरप्रभार है। |
| **साईट रेस्टोरेशन** | एक साईट को ठेकेंदारों ने पर्यावरणीय प्रभाव अध्ययन और सरकार के अनुमोदन के अनुसार प्रभावित तिथि की स्थिति में वापस लाने या साईट को पेट्रोलियम संबंधित प्रचालनों के बंद होने के बाद इसके इच्छित बाद के उपयोग के लिए देने के लायक बनाने के लिए आवश्यक सभी कार्यकलाप जिसमें शामिल होगें, जहां उचित हो कुओं या अन्य सुविधाओं का उचित परित्याग, उपकरणों, ढॉंचो एवं डेबरीज का हटाया जाना,, संगत आकृति एवं निकासी की स्थापना, उपरी मिट्टी का प्रतिस्थापन, पुनः वनस्पतिकरण, ढलान स्थिरीकरण, गडढों का भरा जाना, या परिस्थिति के अनुसार अन्य कोई उचित कार्य। |
| **टरशियरी** | 65 से 1.8 मिलियन वर्षो पहले भौगोलिक समय की अवधि । यह सेनजोइक युग का भाग है। |

| | |
|---|---|
| **वेल** | धरती में भेद किया गया एक छेद गैस या तेल उत्पादन के लिये धातु की पाईप से प्रायः कवर किया गया। एक उपधरातल चट्टान बनाने में पानी या गैस के दबाव के अन्तर्गत इंजेक्शन के लिये एक छेद। |
| **वेलहेड** | एक कुँऐ के सबसे ऊपर फोर्जड या कास्ट स्टील फिटिंग। सबसे नीचे केसिंग हैड और ऊपर ट्यूबिंग हैड इसे सर्फेस वैल्ड किया जाता है। |
| **वर्क प्रोग्राम** | पेट्रोलियम प्रचालनों को चलायमान करने के उद्देश्य के लिए सूत्रित की गई कार्य योजना। |